**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 05.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों आदि में चलाया गया सघन जागरुकता अभियान । बालिकाओं/महिलाओं व लोगों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं व साइबर अपराधों आदि के बारे में दी गई जानकारी ।**

**विवरण-** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में आज दिनांक 05.11.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया गया । अभियान के अन्तर्गत बाजारों, ग्राम सचिवालयों, कस्बों आदि में लोगों को एकत्रित कर/चौपाल लगाकर उन्हे टेम्पलेट वितरित कर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, कानूनों, साइबर अपराधों सहित विभिन्न सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों के तरिकों व उनसे बचने के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई । मिशन शक्ति 5.0 जागरुकता अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल ऑक्सीजन पार्क में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बाघोंलेन में, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम गुरेह में व थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मरका में अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं व लोगों को जागरुक किया गया ।